ओ श्याम मेरे श्याम | By Ushann Das

ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम
हाथ जोड़ नमन करू स्वीकार करो मेरा प्रणाम
बनते नहीं जिनके काम, बन जाता तेरा लेके नाम
ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम
ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम

तुमसा नहीं कोई इस जग में पालनहार
पल भर में लगाते हो डूबती नैया को पार
ओ श्याम, श्याम, मेरे श्याम
तुमसा नहीं कोई इस जग में पालनहार
पल भर में लगाते हो डूबती नैया को पार
दु:ख ना सहा जाए तुमसे करते हो सबका उद्धार
जपता रहूं मैं तेरा नाम, रहूं मैं करता तेरा ध्यान
ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम
ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम

देवो का तू है प्यारा, हारे का तू सहारा
पूजे तुझको जो जग में हर देव कृपा करते उसपे
मुर्दे को तू ऐसे जिलाये, जैसे सोये को जगाये
सबकी रखता तू है आन, भक्तो में बसते तेरे प्राण
ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम
ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम

तू ही कृष्णा तू ही मुरारी तू ही नारायण हरी
भक्तों की जुडी है तुमसे जीवन की हर कड़ी
अश्क़ देख अपनों का बाबा तू भी है रोता
जन जन करते तेरा गुणगान करते हो तुम सबका कल्याण
ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम
ओ श्याम ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-ushann-das/